हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 17 जून 2026

13 मूसलाधार बारिश भी नहीं रोक सकी श्याम भक्तों...



14 ग्रामीण बोले- 1965 से बने हैं मकान पंचायत में घर न...



## नागरिक अस्पताल के डी-फ्रीजर में महिला का शव कुतरने का मामला

# मजिस्ट्रियल जांच में बड़ी लापरवाही उजागर, अफसरों पर गाज गिरना तय

- कभी भी आ सकते हैं कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नागरिक अस्पताल के शवगृह के सामने बने कमरे के डी-फ्रीजर में रखी एक 25 वर्षीय विवाहिता के शव को चूहों द्वारा कुतरने की मजिस्ट्रियल जांच पूरी हो चुकी है। उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र पाल द्वारा गठित मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट में स्वास्थ्य विभाग की बड़े स्तर पर लापरवाही उजागर हुई है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को भेज दी गई है और अगले एक से दो दिनों में लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। उधर, पूरे मामले से सरकार द्वारा संभावित कार्रवाई को देखते संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की धड़कनें बढ़ी हुई है।



हिसार। मजिस्ट्रियल जांच के लिए पहुंची एडीसी शालिनी चेतल। (फाइल फोटो)।

### जानें... क्या है पूरा मामला?

हांसी निवासी 25 वर्षीय कोमल की डिलीवरी होनी थी। कोमल के भाई तरुण व परिजनों के अनुसार, कोमल को पहली डिलीवरी के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने नॉर्मल डिलीवरी के बजाय सिजेरियन करने की बात कही। परिजनों का गंभीर आरोप है कि गत 6 जून को ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने कोमल की एक नस काट दी, जिससे अत्यधिक खून बहने लगा और डॉक्टरों से स्थिति कंट्रोल नहीं हुई। गंभीर हालत में कोमल को हिसार के नागरिक अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही रामायण टोल के पास उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हिसार के नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया।

### अस्पताल में जमकर हुआ था हंगामा

सात जून की सुबह जब परिजन पोस्टमार्टम के लिए शवगृह पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। भाई तरुण ने बताया कि डी-फ्रीजर के पास गिरगिट घूम रहे थे। जब कोमल के शव को फ्रीजर से बाहर निकाला गया, तो उसके माथे से चमड़ी किसी जानवर ने बुरी तरह कुतरी हुई थी। पास में ही एक बड़ा चूहा भी घूम रहा था। यह देखकर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया।

### दो स्तर पर हुई मामले की जांच

मामले के तूल पकड़ने और गंभीरता को देखते हुए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग तुरंत एक्शन मोड में आया। डीसी एवं जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र पाल ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए और अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। एडीसी ने निर्धारित 48 घंटे के भीतर विस्तृत, तथ्यात्मक और कारण युक्त रिपोर्ट तैयार कर डीसी को सौंप दी है, जिसे सरकार को भेज दिया गया है। इस जांच का उद्देश्य घटना के मूल कारणों का पता लगाना, जिम्मेदारी तय करना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना है।

### विभाग ने कराई आंतरिक जांच

स्वास्थ्य विभाग ने भी तीन डॉक्टरों की एक कमेटी गठित करते आंतरिक जांच रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए थे। कमेटी में डॉ. सुभाष खतरेजा, डॉ. तरुण और डॉ. सुनील को लिया गया था। इस कमेटी ने भी अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर पीएमओ डॉ. रीना जैन को सौंप दी है, जिसे मुख्यालय भेज दिया गया है।

### खुद पहुंचे थे डायरेक्टर

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हेल्थ सर्विसेज के डायरेक्टर डॉ. सुशील माही ने खुद 9 जून को हिसार और हांसी के नागरिक अस्पतालों का दौरा कर स्थानीय अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की थी।

### रिपोर्ट सरकार को भेजी



नागरिक अस्पताल के शवगृह के सामने कमरे के अंदर रखे डी-फ्रीजर में एक महिला के शव को क्षति पहुंचने की घटना की मजिस्ट्रियल जांच करवाई गई थी। एडीसी शालिनी चेतल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। एडीसी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट सरकार को भेज दी गई है। सरकार की तरफ से जो भी आदेश आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **-महेंद्र पाल,** डीसी, हिसार।

## हकृवि में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि अब 23 जून तक बढ़ाई

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए उम्मीदवार अब 23 जून तक आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ाकर 23 जून कर दिया गया है। विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय में इन दिनों शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है जिसमें कृषि महाविद्यालय, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, बायोटैक्नोलोजी महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रेन्योरशिप गुरूग्राम में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले किए जाएंगे।

### ये हैं पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में रिमोट सेसिंग एंड जियोग्रेफिकल इनफोरमेशन, सिस्टम (जीआईएस) एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड इन्वायरमेंट, ह्यूमन न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्ट्स न्यूट्रीशन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन फार्म व प्रोस्पेक्टस विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## आईटीआई में अब 30 जून तक करें आवेदन



**हिसार।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा द्वारा संचालित राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सचदेवा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अब 30 जून 2026 की रात्रि 12 बजे तक विभाग के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल **https://admissions.itiharyana.gov.in/** पर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित समय के बाद पोर्टल स्वतः बंद हो जाएगा और किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईटीआई में 8वीं, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रोजगारपरक एवं तकनीकी ट्रेडों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### जेल में कैदियों पर हमले के चार आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने जेल में बंद चार कैदियों पर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आजाद नगर थाना से उप निरक्षक सिकन्दर ने बताया कि शिकायत के अनुसार जिला जेल में बंद विष्णु, पवन, मनोज तथा सुमित पर जेल परिसर में बंद अन्य कैदियों द्वारा घातक हथियारों से हमला किया गया था। हमले में चारों बंदियों को चोटें आई थीं, जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल हिसार में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपियों की संलिप्तता सामने आने पर आरोपी हर्ष उर्फ हरिश, कमलजीत, संदीप तथा सूर्यकांत को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से गिरफ्तार किया।

### मंदिर से दानपात्र चुराने के आरोपी को जेल भेजा

**बरवाला।** पुलिस ने मंदिर से दानपात्र चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी कर्मजीत ने बताया कि 10 जून को राजधानी कॉलोनी निवासी रमेश कुमार ने शिकायत दी थी कि उनके मकान के निकट स्थित काली माता मंदिर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दानपात्र चोरी कर लिया गया है। शिकायत के अनुसार दानपात्र में लगभग 15 से 20 हजार रुपये की नकदी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की। जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य सुरागों का विश्लेषण किया गया। गहन जांच के उपरांत मामले में संलिप्त आरोपी बरवाला के वार्ड 5 निवासी रविन्द्र की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया।

### रास्ता रोककर मारपीट करने के 5 आरोपी धरे

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस रास्ता रोककर मारपीट करने, वाहन में तोड़फोड़ करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश किय गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि एक जून को जाजनवाला निवासी रोबिन के बयान पर रास्ता रोककर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपियों की पहचान अमन निवासी कैमरी, अनुज निवासी शिव कॉलोनी जींद, हरीश निवासी गुप्ता कॉलोनी जींद, मनजीत निवासी खांडाखेड़ी तथा मुनेश निवासी सूर्य नगर के रूप में हुई थी।

### दुकान में चोरी की आरोपी महिला सहित दो काबू

**हिसार।** पुलिस ने दुकान से चोरी के मामले का महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सामान बरामद किया है। सिविल लाइन पुलिस में 13 जून को प्रोफेसर कॉलोनी निवासी शिकायतकर्ता मुकेश कुमार ने अपनी दुकान से सोलर लाइट, साउंड बार स्पीकर एवं अन्य सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला तथा तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य तथ्यों के आधार पर मामले में संलिप्त आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करते हुए अजय निवासी नारनौंद तथा नारनौंद की एक महिला को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी संजय व महिला आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## चानौत को जल्द मिलेगा भाखड़ा का स्वच्छ पानी, कल से होगा काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

चानौत गांव के प्रत्येक घर तक जल्द ही भाखड़ा नहर का पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में वीरवार से चानौत गांव के लिए राजली हेड से पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि गांव के ग्रामीण पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति की समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे थे। अब जिला प्रशासन द्वारा उनकी इस मांग को गंभीरता से लेते हुए इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित कार्य योजना के अनुसार पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से पूरा किया जाए, ताकि गांववासियों को जल्द से जल्द भाखड़ा नहर का राजली हैड से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और पेयजल जैसी आवश्यक सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस परियोजना के तहत चानौत गांव के लिए आधुनिक तकनीक से पाइपलाइन बिछाई जाएगी।



### अनशन पर बैठे 81 वर्षीय टेकराम की तबीयत बिगड़ी



**हांसी।** बरवाला रोड़ स्थित गांव चानौत में पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर पिछले 32 दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन के बीच आमरण अनशन पर बैठे आंदोलनकारियों के स्वास्थ्य को लेकर धरना कमेटी चिंता बढ़ गई है। आंदोलन के तहत पिछले एक सप्ताह से आमरण अनशन पर बैठे 81 वर्षीय बुजुर्ग टेकराम की मंगलवार को तबीयत अचानक बिगड़ गई। चिकित्सकीय जांच में उनका बीपी लेवल 175 और शुगर लेवल 24 दर्ज किया गया, जिसके बाद आंदोलन स्थल पर मौजूद ग्रामीणों और समर्थकों में चिंता का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, टेकराम पिछले सात दिनों से गांव की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हैं। उम्र अधिक होने और लगातार अनशन के चलते उनकी शारीरिक स्थिति कमजोर हो गई है। मंगलवार को स्वास्थ्य संबंधी जांच के दौरान उनका ब्लड शुगर स्तर बेहद कम पाया गया। चिकित्सकों और परिजनों ने उन्हें तत्काल चिकित्सा सुविधा लेने तथा अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने आंदोलन से पीछे हटने से इंकार करते हुए चिकित्सा सुविधाएं लेने से मना कर दिया।

### धूप-बरसात से बचाव के लिए लगेगा टीन शेड

आंदोलन के दौरान बदलते मौसम और हाल ही में हुई बरसात को देखते हुए धरनास्थल पर टीन शेड लगाने का निर्णय लिया गया है। आंदोलनकारियों का कहना है कि तेज धूप और बारिश के कारण धरने पर बैठे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में टीन शेड लगने से धरनारत ग्रामीणों और अनशनकारियों को राहत मिलेगी तथा आंदोलन को सुचारू रूप से जारी रखा जा सकेगा।

### कल के ट्रैक्टर मार्च की तैयारियां तेज

धरना समिति ने बताया कि पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर 18 जून को प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। इसके लिए आसपास के गांवों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। ट्रैक्टर मार्च के दौरान ग्रामीण महिलाओं द्वारा लघु सचिवालय में मटका फोड़ प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## महिला की हत्या में पड़ोसी गिरफ्तार

**हिसार।** खरड़ में खेत में महिला की गला घोटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपित को काबू कर लिया है। आरोपित की पहचान हांसी के प्रेम नगर के हरपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक ई-रिक्शा बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी हरपाल मृतका महिला के पड़ोस में ही रहता था। पुलिस आरोपित को बुधवार को अदालत में पेश करेगी। बता दें कि रविवार की सुबह गांव खरड़ के खेतों में एक महिला का शव पड़ा देखा था। पुलिस की प्रारंभिक छानबीन में सामने आया था कि महिला की गला घोट कर हत्या की गई और शव खेतों में फेंक दिया।

- गांव खरड़ के खेतों में महिला की गला घोंटकर हत्या करने का मामला

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित हरपाल और महिला के बीच पहले से जान-पहचान थी और उनकी बातचीत भी होती थी। आरोपित को पता था कि महिला रुपये लेकर टोहाना अपनी बहन के पास जाने वाली है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि जैसे ही महिला घर से निकली हरपाल अपनी ई-रिक्शा लेकर उसके पास आ गया। शनिवार की रात दोनों हांसी में घूमते रहे और रात्रि करीब एक बजे हरपाल महिला को खरड़ के खेतों में पहुंचा गया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। शव को वहीं पर फेंक दिया और इसके बाद महिला के पास से चार लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गया।

## 9 एमएम बरसात से अधिकतम पारा सामान्य से 9.4°, न्यूनतम 3.1° गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मंगलवार की सुबह हिसार व आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मंगलवार को करीब 9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके चलते हिसार का न्यूनतम व अधिकतम पारा सामान्य से नीचे चला गया है। अधिकतम पारा 30.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य से 9.4 कम है। न्यूनतम पारा 24.3 रहा, यह सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस कम है।

इसके अलावा तेज बारिश जहां राहत लेकर आई, वहीं इसने शहर के ड्रेनेज सिस्टम की पोल भी खोल दी। शहर के कई इलाकों और निचले हिस्सों में बरसाती पानी जमा हो गया। खासकर मिल गेट, आजाद नगर, पुरानी सब्जी मंडी पुल, डोगरान मोहल्ला, सैनियान मोहल्ला, शांति नगर, कुंजलाल गार्डन, ऑटो मार्केट, अर्बन एस्टेट आदि क्षेत्रों की सड़कों और गलियों में पानी खड़ा होने की वजह से वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। राजगढ़ रोड पर भी जलभराव के कारण आवागमन में दिक्कतें आई।



हिसार। राजगढ़ रोड पर आईजी कार्यालय के पास जलभराव से गुजरते वाहन व राहगीर।

### जानिए... कैसा रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्रमोहन के अनुसार प्री-मानसून की गतिविधियां लगातार जारी है। बुधवार को भी मौसम प्रणाली का असर देखा जाएगा। उसके पीछे पीछे एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 18 जून को सक्रिय होने से प्रदेश में 18 से 20 जून तक मौसम में बदलाव, बादलों की आवाजाही और तेज गति की हवाओं के साथ हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों की सम्भावना बन रही है।

### तूफान में गोशाला के 20 किलोवाट के सोलर प्लांट सहित कई शेड उड़े

- दीवार गिरने से चारा गोदाम क्षतिग्रस्त
- गो सेवा आयोग से की मुआवजे की मांग

**हांसी।** 1912 से संचालित क्षेत्र की सबसे पुरानी तोशाम रोड स्थित श्री हरियाणा गोशाला में सोमवार को आए भीषण तूफान और तेज आंधी से गोशाला को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। तेज हवाओं के तूफान के चलते गौशाला परिसर में बने कई शेड, बिजली के खम्भे, बिजली उपकरण सहित अन्य निर्माण क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ साथ गोशाला में स्थापित 20 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे गोशाला की विद्युत व्यवस्था पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है। गोशाला प्रबंधन के अनुसार तूफान के दौरान कई स्थानों पर गो शेड एवं चारा गोदाम के शेड उड़ गए और अन्य संरचनाओं को व्यापक क्षति पहुंची। वहीं पशुओं के लिए संग्रहित चारा, फीड तथा अन्य आवश्यक सामग्री भी वर्षा एवं तूफान की चपेट में आकर खराब हो गई है। गोशाला पदाधिकारियों ने बताया कि सोलर प्लांट गोशाला की बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति का प्रमुख साधन था। इसके पूरी तरह नष्ट हो जाने से गोशाला पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ गया है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार गोशाला को भारी भरकम नुकसान हुआ है जिसका समुचित आंकलन अभी किया जा रहा है। गोशाला प्रबंधन समिति ने जिला प्रशासन के माध्यम से हरियाणा गो सेवा आयोग से विशेष आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। गोशाला के प्रबंधक कमलेश गर्ग ने गोभक्तों, सामाजिक संस्थाओं एवं दानदाताओं से भी सहयोग की अपील की है।



### प्रदेश सरकार ने विश्वविद्यालय को दिया 35 लाख रुपये का प्रोजेक्ट

## गुजवि के शोधकर्ता घटाएंगे गाड़ियों का प्रदूषण

- प्रदूषण के मामले में देश में तीसरे नंबर पर है हरियाणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा में ऑटोमोटिव उत्सर्जन को कम करने की दिशा में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को महत्वपूर्ण शोध प्रोजेक्ट मिला है। विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. एच.सी. गर्ग को हरियाणा सरकार के हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा 35 लाख रुपये का एक बेहद महत्वपूर्ण शोध प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है। इस परियोजना के तहत शोधकर्ता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ग्रीन प्रोसेसिंग तकनीक का उपयोग करके टिकाऊ व बेहद हल्के मैग्नीशियम-आधारित हाइब्रिड कम्पोजिट विकसित करेंगे, जिससे गाड़ियों का वजन और उनसे होने वाला प्रदूषण दोनों कम किए जा सकेंगे। परियोजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने शोध टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण एक गंभीर वैश्विक चुनौती है और भारत दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश है। चिंता की बात यह है कि देश के सबसे प्रदूषित राज्यों में हरियाणा तीसरे स्थान पर आता है, जहां कुल प्रदूषण में अकेले ट्रांसपोर्ट (परिवहन) क्षेत्र का योगदान 27 प्रतिशत है।




हिसार। गुजवि में प्रो. एच.सी. गर्ग एवं उनकी टीम को बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### गाड़ी का वजन 10% घटा, तो 7% तक बचेगा ईंधन

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक आंकड़ा साझा करते हुए कहा कि अगर गाड़ी का वजन 10 प्रतिशत कम कर दिया जाए, तो ईंधन की खपत में 6 से 7 प्रतिशत की बचत होती है। आधुनिक कारों में स्टील और एल्युमीनियम जैसी भारी पारंपरिक धातुओं की जगह इस नए हल्के मैग्नीशियम हाइब्रिड कम्पोजिट का इस्तेमाल मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर डीन रिसर्च एंड डवेलपमेंट प्रो. नीरज दिलबागी व कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रशासनिक प्रो. विनोद छोकर उपस्थित रहे। प्रो. एच.सी. गर्ग व उनकी टीम ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध सकारात्मक शोध वातावरण और प्रशासनिक सहयोग ने इस परियोजना को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## निगम ने गिराया अवैध निर्माण



हिसार : अवैध निर्माण गिराते जेसीबी।

**हिसार।** नगर निगम ने रायपुर रोड़ गवर्नमेंट कॉलोनी में बिना स्वीकृत नक्शे के बनाए गए अवैध निर्माण को गिराने की कार्रवाई की। एमई अमित बेरवाल ने बताया कि यह कार्रवाई निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार की गई। उन्होंने बताया कि संबंधित भवन मालिक को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण स्वयं हटाने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस के बावजूद निर्माण नहीं हटाए जाने पर तकनीकी शाखा और तहबाजारी टीम ने मंगलवार को जेसीबी की सहायता से अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान मकान के अंदर रखा सामान पहले सुरक्षित रूप से बाहर निकाला गया, इसके बाद निर्माण को गिराया गया। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। इस दौरान जेई अंकुर, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा टीम सहित मौजूद रहे।



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

## लाइफ Style

# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय'में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।



## हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्स: डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

## टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।

# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट



कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गई।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

***नई दिल्ली।*** *फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

### कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



***बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक :*** *इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

### आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

***नई दिल्ली।*** *हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरे-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ॠषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### यूनियन ने थर्मल खेदड़ में किया विरोध प्रदर्शन

**बरवाला।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन द्वारा थर्मल खेदड़ के प्रांगण में नई कंपनी हरियाणा एग्री डिस्कॉम व स्मार्ट मीटर लगाने के विरोधस्वरूप प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान शमशेर सहारण ने की और संचालन यूनिट सचिव सचिव प्रमोद जांगड़ा ने किया। इस मौके पर यूनिट प्रधान शमशेर सहारण, सर्कल सचिव देवेंद्र भारद्वाज, संदीप सहारण, दिलबाग भट्टू, विजयपाल, रणबीर राठी, सुनील सहारण, सुखदेव शर्मा, सतीश, मनोज, सुशील शमशेर, अशोक, उमेद व प्रदीप बिसला समेत अनेक कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

### आईबी ब्रांच कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की आईबी सिटी ब्रांच, सिंचाई विभाग, हिसार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी लंबित मांगों एवं समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सभी कार्यकारी अभियंताओं के कार्यालयों पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने प्रमुख अभियंता के नाम कार्यकारी अभियंताओं के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्रांच उपप्रधान विनोद सैनी ने की, जबकि संचालन ब्रांच सचिव सोनू जांगड़ा ने किया। इस अवसर पर प्रीत, सुनील कुमार, प्रताप सिंह, सूरजमल, अशोक कुमार, महेंद्र, जयभगवान, रोहतास फौजी, सोनू सैनी, सतबीर यादव, हिमांशु, देवीराम, सीताराम, सोनू बिश्नोई, पवन कटारिया, काजल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मांगें नहीं मानी तो आंदोलन होगा तेज

**आदमपुर।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की आईबी आदमपुर शाखा ने मंगलवार को कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया और प्रमुख अभियंता के नाम कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग, आदमपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान शाखा अध्यक्ष होशियार सिंह ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन की अध्यक्षता शाखा प्रधान ने की, जबकि संचालन शाखा सचिव शैलेंद्र भादू ने किया।

### इनेलो नेता किरमारा ने दिया समर्थन

**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने चानौत गांव में चल रहे धरने का समर्थन करते हुए उनकी मांग पूरी करने की मांग की है। दलबीर किरमारा ने कहा कि केवल पानी ही नहीं बल्कि बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व परिवहन कोई मांग नहीं बल्कि मूलभूत आवश्यकता है और ये मूलभूत आवश्यकता पूरी करना सरकार की जिम्मेवारी है। जो सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवा पाए, उसे सत्ता में रहने का भी अधिकार नहीं होना चाहिए।

# नए स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## हरियाणा एग्रो डिस्कॉम के नाम से नई कंपनी का कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की यूनिट नंबर-1 के अंतर्गत आने वाली सभी सब यूनिटों में मंगलवार को हरियाणा एग्रो डिस्कॉम के गठन और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सिटी सब यूनिट प्रधान सुरेंद्र फौजी, सिविल लाइन प्रधान जोगिंदर पूनिया, मॉडल टाउन प्रधान सुशील तथा नवीन ने की, जबकि संचालन सब यूनिट सचिव अंकित पूनिया, जयकुमार और जगदीश बागड़ी ने किया। यूनिट प्रधान सुरेश रोहिल्ला और यूनिट सचिव अनिल वर्मा ने बताया कि ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की ओर से बिजली मंत्री अनिल विज को पत्र भेजकर नई कंपनी हरियाणा एग्रो डिस्कॉम के गठन और स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध दर्ज कराया गया है। इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव हरियाणा सरकार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (बिजली विभाग) तथा चारों बिजली निगमों के प्रबंध निदेशकों को भी भेजी गई थी, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के विरोध में प्रदेशभर की सभी सब यूनिटों में प्रदर्शन किए जा रहे हैं।





हिसार। नई कंपनी और स्मार्ट मीटरों के विरोध में प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा हांसी में नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाते ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### बिजली कर्मचारियों ने जलाईं नोटिफिकेशन की प्रतियां



नारनौंद। बिजली घर में कर्मचारी प्रतियां जलाकर विरोध करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**नारनौंद।** प्रदेश सरकार द्वारा अलग से हरियाणा एग्रो डिस्कॉम बनाने तथा बिजली वितरण क्षेत्र में निजी कंपनी के हाथों में सौंपने को लेकर बिजली कर्मचारियों में गहरा रोष बना हुआ है। इसी को लेकर नारनौंद बिजली घर में कर्मचारियों ने इस नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाकर विरोध किया। बिजली कर्मचारी यूनियन के प्रधान रामदिया शर्मा, सत्यवान रंगा, संदीप जांगड़ा, धर्मेंद्र, लव कुश, महिपाल, सुरेश कुमार, कृष्ण जांगड़ा, अजमेर, संदीप बडाला आदि ने बताया कि हरियाणा एग्रो डिस्कॉम स्मार्ट मीटर एवं निजीकरण कर्मचारियों ओर किसान के लिए काफी घातक साबित होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इसको रद नहीं किया तो हम बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### हांसी में भी हरियाणा एग्रो डिस्कॉम के विरोध में बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

**हांसी।** हरियाणा सरकार द्वारा बिजली विभाग में हरियाणा एग्रो डिस्कॉम के गठन के विरोध में मंगलवार को ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर कर्मचारियों ने सब डिवीजन स्तर पर काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन किया तथा सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। सिटी सब अर्बन व डिवीजन के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कार्यकारी अभियंता कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान अमरजीत यादव ने की, जबकि संचालन सचिव सुमित मित्तल ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव, यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा और सचिव जोनी कुमार ने कहा कि कृषि निगम की मांग न तो किसानों की है और न ही कर्मचारियों की, लेकिन सरकार इसे जबरन लागू करना चाहती है। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने हरियाणा एग्रो डिस्कॉम के गठन, स्मार्ट मीटरों की स्थापना और निजी कंपनियों को समानांतर लाइसेंस देने संबंधी निर्णय वापस नहीं लिए तो आने वाले समय में किसान संगठनों और जन संगठनों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा। प्रदर्शन में पवन कुमार, बलराज यादव, अनिल चौहान, रविकुमार, रामनिवास, अमीरचंद जांगड़ा, फूल कुमार, प्रिंस कुमार सहित अनेक कर्मचारियों ने भाग लिया और अपने विचार रखे।



हांसी। कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करते बीएंडआर के कर्मचारी।

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

- पद कटौती व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

लंबित मांगों तथा कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में मंगलवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की बी एंड आर ब्रांच हांसी के कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रमुख अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों के समाधान की मांग की। प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान अनूप फौजी ने की, जबकि मंच संचालन ब्रांच सचिव प्रवीन कुमार ने किया। कर्मचारियों ने कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, कॉमन कैडर व्यवस्था समाप्त करने तथा ग्रुप-डी कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने की मांग प्रमुखता से उठाई। प्रदर्शन में यूनियन के राज्य प्रधान गंगा राम मौन, ब्रांच वरिष्ठ उपप्रधान सुनील फौजी, उपप्रधान अमरजीत, उपप्रधान सुशील फौजी, चेयरमैन रविन्द्र फौजी, सलाहकार मंजीत जांगड़ा, सीमा, कैशियर अमन यादव, रविन्द्र गुड्डु फौजी, मुकेश देवी आदि उपस्थित रहे।

### प्रदर्शन कर कार्यकारी अभियंताओं को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच, हिसार के कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हिसार के तीनों कार्यकारी अभियंताओं के कार्यालयों पर प्रदर्शन किया और मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान अशोक कुमार ने की, जबकि संचालन विकास गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर जिला प्रधान ओमप्रकाश माल, पूर्व प्रधान नरेश गौतम, उपप्रधान रामू शर्मा तथा सीसी सदस्य दीपक शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सरकार से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि विभाग में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों, एचकेआरएनएल, टर्म अपॉइंटी, पंचायत ऑपरेटर और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाए तथा नियमितीकरण तक समान काम के लिए समान वेतन लागू कर उनकी सेवाएं सुरक्षित की जाएं। उन्होंने ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव का कार्य ग्राम पंचायतों को सौंपने के निर्णय पर रोक लगाने की भी मांग की। प्रदर्शन में सुरेंद्र चहल, रामफल पूनिया, अशोक पूनिया, नरेश अग्रोहा, बृजलाल, सुमित शर्मा, सतीश डाबड़ा, सोनू लोट और विक्रम सिंह नागर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीसी ने चिह्नित किए ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के दिए निर्देश



हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

- जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सडक़ सुरक्षा की पिछली बैठक में शामिल तथा नए एजेंडा को लेकर अभी तक हुई प्रगति व कार्रवाई की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कट के मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी अवैध कट को शीघ्र बंद करवाया जाए। उन्होंने पिछले दिनों आंधी व बारिश के कारण सड़क की ओर झुकी हुई पेड़ों की टहनियों एवं झाडिय़ों की कटाई-छटाई करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने चिह्नित किए गए अग्रोहा मोड़, स्याहड़वा, मिर्जापुर, ओडीएम कॉलेज, विक्की गारमेंट आदि के पास वाले ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के निर्देश दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एएसपी मयंक मुद्गिल, एसीयूटी विवेक यादव, नगराधीश रोहित कुमार, जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र सहित एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कई सड़कों की जर्जर स्थिति पर हुई चर्चा

उपायुक्त महेंद्र पाल ने मंगलवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला सडक़ सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत संबंधित विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बैठक में कई मार्ग पर सड़कों की जर्जर स्थिति, सीवरेज, चेतावनी संकेतों की कमी तथा यातायात अव्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सभी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।

### पुलिस विभाग ने 43 हजार 40 चालान काटे

बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल को अवगत करवाया गया कि यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस साल फरवरी से मई माह तक नियम उल्लंघन पर पुलिस विभाग द्वारा 43 हजार 40 चालान किए जा चुके है। मई माह में आरटीए द्वारा एक करोड़ 46 हजार 800 रुपये के 342 चालान किए गए हैं।

# मूसलाधार बारिश नहीं रोक सकी श्याम भक्तों को

- 1100 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री श्याम मंदिर के 54वें श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार सुबह निकाली गई भव्य कलश यात्रा श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का अद्भुत उदाहरण बन गई। शहर में सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद श्याम भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और हजारों श्रद्धालु महिलाओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ कलश यात्रा में भाग लिया।

कलश यात्रा में 1100 से अधिक महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर हिस्सा लिया। लगातार बरस रही बारिश में भी महिलाएं पूरे उत्साह के साथ जय श्री श्याम के जयकारे लगाती हुई यात्रा में शामिल रहीं।

भीगी चुनर, भीगे वस्त्र और सिर पर सजे कलश श्रद्धा की ऐसी अनूठी तस्वीर प्रस्तुत कर रहे थे, जिसने हर किसी का मन मोह लिया। यात्रा की सबसे विशेष बात यह रही कि सभी महिलाएं एक जैसी साड़ियों में सुसज्जित नजर आईं।



हांसी। 54वें श्री श्याम महोत्सव की कलश यात्रा में भाग लेती श्रद्धालु महिलाएं।

### भक्तिमय हुआ माहौल

एकरूपता और अनुशासन के साथ निकली इस विशाल कलश यात्रा ने शहरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। और कलश यात्रा के दौरान पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में रंग गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि 54वें श्री श्याम महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के बावजूद जिस उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया, वह भक्तों की अपने श्याम प्रभु के प्रति अटूट आस्था का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि बुधवार को प्रातः भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 18 जून को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य आयोजन होगा।

# एसडीएम ने चेयरपर्सन व पार्षदों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

नगर पालिका उकलाना की नवनिर्वाचित चेयरपर्सन एवं पार्षदों को मंगलवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण करवाई।

शपथ ग्रहण करने वालों में नगर पालिका चेयरपर्सन रीमा सोनी के अलावा वार्ड-1 से निर्वाचित अभिषेक तुर्की, वार्ड-2 से दयावन्ती, वार्ड-3 से सुमन गोयल, वार्ड-4 से सीमा गोयल, वार्ड-5 से सुमित भ्याना, वार्ड-6 से जतिन, वार्ड-7 से अभय मंगला, वार्ड-8 से हरीश गर्ग, वार्ड-9 से मास्टर प्रवीण गर्ग, वार्ड-10 से प्रवीण गिल, वार्ड-11 से लवली भूटक, वार्ड-12 से रशिम, वार्ड-13 से राजेश कुमार, वार्ड-14 से सविता, वार्ड-15 से सुनीता देवी तथा वार्ड-16 से राजेश सिंहमार शामिल रहे।



उकलाना। चेयरपर्सन रीना सोनी को शपथ दिलाते बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन। फोटो : हरिभूमि

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने नगर के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क तथा अन्य जनहित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाने का संकल्प लिया।

### रंगमंडपों के अध्ययन के लिए मनीष जोशी को सरकार की वरिष्ठ फैलोशिप



**हिसार।** शहर प्रख्यात रंगकर्मी, रंगनिर्देशक, लेखक एवं सांस्कृतिक कार्यकर्ता मनीष जोशी को भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित सीनियर फैलोशिप प्रदान की गई है। यह फैलोशिप उन्हें उनके महत्वपूर्ण शोध विषय रंगमंडपों का अध्ययन : परंपरा, वर्तमान और भविष्य की संभावनाएं पर अध्ययन एवं शोध कार्य के लिए प्रदान की गई है। इस शोध के माध्यम से भारत की समृद्ध रंगमंचीय परंपरा में रंगमंडपों की ऐतिहासिक भूमिका, वर्तमान स्वरूप तथा आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप उनके विकास और अद्यतन की संभावनाओं का व्यापक अध्ययन किया जाएगा। मनीष जोशी भारतीय रंगमंच की दुनिया का एक जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने देशभर में अनेक महत्वपूर्ण नाट्य प्रस्तुतियों का निर्देशन किया है तथा रंगमंच, लोककला, कठपुतली और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्हें पूर्व में संगीत नाटक अकादमी के उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मनीष जोशी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि हिसार, हरियाणा और उन सभी कलाकारों का सम्मान है जिन्होंने उनकी सांस्कृतिक यात्रा में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दिया है।

## मेयर ने किया योग शिविर का शुभारंभ, साधकों संग किया योगाभ्यास

# स्वस्थ शरीर में ही होता है स्वस्थ मन का निवास : पोपली

- भारत विश्व को योग का मार्ग दिखाने वाला राष्ट्र : ईश आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति द्वारा ठाकुरदास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल चल रहे योग टीचर ट्रेनिंग कैंप एवं बाल संस्कार-चरित्र निर्माण शिविर के दसवें दिन योग, प्राणायाम, ध्यान, यज्ञ एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से स्वस्थ, संस्कारित एवं आत्मनिर्भर भारत निर्माण का संदेश दिया गया। भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि शिविर में मेयर प्रवीण पोपली मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ समाजसेवी मोहन ऐलावादी, सतीश सेहरा एवं राजकुमार पाहवा भी उपस्थित रहे।






हिसार। मंच पर योग करते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य तथा जिंदल पार्क में योग करते साधक। फोटो : हरिभूमि

अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा साधकों के साथ योगाभ्यास किया। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। हमारे ऋषि-मुनि दीर्घायु, तेजस्वी एवं ऊर्जावान थे, जिसका प्रमुख आधार योग और संतुलित जीवनशैली थी। योग आज भी अनेक रोगों से बचाव और स्वास्थ्य संरक्षण का सबसे सरल, सुलभ और प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर प्रांतीय प्रभारी ईश आर्य ने कहा कि भारत विश्व को योग का मार्ग दिखाने वाला राष्ट्र है और योग जागरण की इस यात्रा में हिसार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की विधा नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र, विचार और जीवन मूल्यों को परिष्कृत करने वाली जीवनशैली है।

### जिंदल पार्क में लगाया योग साधना शिविर

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद् की विवेकानंद द्वारा भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में जिंदल पार्क में आयोजित पांच दिवसीय विशाल योग साधना शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। शिविर में प्रतिदिन 300 से अधिक साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता ने शिविर को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को सूक्ष्म क्रिया, योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया। इस अवसर पर भारतीय योग संस्थान की उकलाना इकाई के प्रधान मुकेश गोयल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं वैज्ञानिक जीवन पद्धति है, जो शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का माध्यम है।



नारनौंद। गांव खांडा खेड़ी में योग शिविर में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में करवाई ध्यान योग की क्रियाएं

**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी के शहीद भरत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण योग शिविर के छठे दिन मंगलवार को कारगिल योद्धा रहे कैप्टन जसबीर सिंधु ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर योग शिविर का शुभारंभ किया। जिला प्रभारी हांसी के वेद प्रकाश आर्य के द्वारा पतंजलि के अंग वस्त्र पहनाकर व फूल माला डालकर स्वागत किया। वेद प्रकाश आर्य द्वारा ओम का उच्चारण करके ध्यान योग की क्रिया करवाई गई। उसके बाद योगिक जॉगिंग के 12 अभ्यास करवाए गए। इसके बाद हमारा आहार कैसा हो, व्यवहार कैसा हो, इसका हमारे जीवन के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है उसकी पूरी जानकारी दी गई।

### राजकीय महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान ने विश्वविद्यालय में किया टॉप

- बीसीए द्वितीय वर्ष में मुस्कान ने 99 .2 फीसद अंक प्राप्त किए
- हांसी कॉलेज के पिछले वर्षों के टॉपर विद्यार्थियों के रिकॉर्ड को तोड़कर रचा इतिहास



**हांसी।** राजकीय महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान ने पिछले दस वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर कॉलेज एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने विश्वविद्यालय में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी टॉप किया है। वहीं कॉलेज छात्रा निशा ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अन्नू एवं सलोनी ने 92.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया है। विशेष उपलब्धि यह रही कि विश्वविद्यालय की टॉप-10 मेरिट सूची में भी राजकीय महाविद्यालय, हांसी के मुस्कान, पंकज शर्मा, बंटी, मानवी, भूमिका तथा चिराग ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए शीर्ष दस टॉप स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राजकीय महाविद्यालय के कंप्यूटर विभागाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के नोडल अधिकारी डॉ. बंता सिंह जांगड़ा ने बताया कि विगत दस वर्षों से कॉलेज के विद्यार्थी निरंतर विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मुस्कान द्वारा प्राप्त 99.2 प्रतिशत अंक न केवल कॉलेज बल्कि विश्वविद्यालय में टॉप कर पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. बंता सिंह जांगड़ा ने कहा कि हांसी कालेज कंप्यूटर पाठ्यक्रमों के लिए एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है।

## खबर संक्षेप

### गुजवि ने जारी किया अंतिम वर्ष की परीक्षा का परिणाम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा सत्र मई/जून 2026 में आयोजित अंतिम वर्ष की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय ने इस बार अत्यंत कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण एवं छात्र-केंद्रित शैक्षणिक व्यवस्था के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि सत्र मई/जून 2026 की परीक्षाएं अभी चल रही है।

### पुलिस ने चाय की रेहड़ी से चूरापोस्त बरामद किया

**हिसार।** थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने चाय की रेहड़ी की आड़ में नशीला पदार्थ बेचने के एक आरोपी को काबू किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सातरोड खुर्द गांव का रहने वाला राम प्रताप सैक्टर-27 स्थित अपनी चाय की रेहड़ी की आड़ में अवैध रूप से नशीला पदार्थ बेचने का कार्य कर रहा था। पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान आरोपी की चाय की रेहड़ी से 124 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया गया। नशीला पदार्थ मिलने पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### 14 बोतल अवैध शराब समेत एक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ पटेल नगर निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी गुलशन से 14 बोतल अवैध शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हिसार पुलिस द्वारा अवैध शराब, नशा तस्करी एवं अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने सरसौद से बालक रोड़ पर एक आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राहुल निवासी बिचपड़ी के रूप में हुई है। प्रभारी सीआईए पीएसआई कर्ण सिंह ने बताया कि एएसआई प्रवीन कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान एक युवक को शक के आधार पर काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक नाजायज पिस्तौल 315 बोर बरामद हुआ। आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### दो चेक बाउंस मामलों में उद्घोषित आरोपी काबू

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने चेक बाउंस के दो अलग-अलग मामलों में उद्घोषित अपराधी घोषित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रेम नगर निवासी विरेंद्र कुमार उर्फ रविंद्र के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी चेक बाउंस के दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय में लंबित कार्रवाई के दौरान लगातार अनुपस्थित रहने के कारण अदालत द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था।

---

### तालाबों की जमीन से अवैध कब्जे हटाने को लेकर गांव राजपुरा में हुई पंचायत

# ग्रामीण बोले- 1965 से बने हैं मकान पंचायत में घर न तोड़ने का प्रस्ताव पास

> ग्रामीणों ने बताया कि 60 साल पहले ग्राम पंचायत में मकान बनाने के लिए जमीन अलॉट की थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देश के बाद प्रदेश सरकार भी तालाबों की जमीन से अवैध कब्जे हटाने को लेकर सख्त हो गई है। इसकी आहट सुनते ही अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। गांव राजपुरा में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों ने बताया कि 60 साल पहले ग्राम पंचायत में मकान बनाने के लिए जमीन अलॉट की थी, ऐसे में अब हम कहां जाए? लेकिन अब कोर्ट की सख्ती के बाद सरकार इस मामले से किस तरह से निपट पाती है। यह हर गांव में जी का जंजाल बनने वाली है।

#### ग्रामसभा की मांग

ग्राम पंचायत ने मंगलवार को गांव की चौपाल में ग्राम सभा की बैठक की गई। ग्राम सभा की मीटिंग में तालाब की जमीन से अवैध कब्जे हटाने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया कि इस जमीन पर लोग पिछले कई दशकों से रह रहे हैं और उनके आशियाने न तोड़े जाएं। अब देखने वाली बात हो कि सरकार कोर्ट के आदेशों की किस तरह से पालन करते हैं या लोगों के आक्रोश को देखकर अपने कदम पीछे हटाने पर मजबूर होगी।



नारनौंद। ग्राम सभा की बैठक में कार्यवाही करते हुए सरपंच व अधिकारी।

#### कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी

तालाब की जमीन से कब्जा हटाने में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। किसी भी पंचायत का प्रस्ताव इस पर कोई काम नहीं करेगा। सरकार और कोर्ट के आदेशों का पालन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ किया जाएगा।

\- विकास यादव, एसडीएम, नारनौंद।

> **पंचायत के पास इन लोगों को देने के लिए कोई जगह नहीं है लोगों को दिया जाए मालिकाना हक**

#### जमीन पर मालिकाना हक दिया जाए

ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 1965 में इस जमीन ग्रामीणों को प्लाट काटकर दिए गए थे। उनके नाम रजिस्ट्री नहीं करवाई गई थी। यह जमीन तालाब के नाम है। ग्राम सभा की मीटिंग में प्रस्ताव रखा है कि गांव की पंचायत के पास इन लोगों को देने के लिए कोई जगह नहीं है इसलिए इसी जमीन पर इनको मालिकाना हक दिया जाए।

\- सुनील कुमार, सरपंच, गांव राजपुरा।

---



नारनौंद। सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से मुलाकात करते चेयरमैन शमशेर मोर।

## माइनर में पानी की कमी को लेकर चेयरमैन ने सिंचाई मंत्री से की मुलाकात

- सिंचाई मंत्री ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन

**नारनौंद।** पिछले एक साल एसएस लिंक माइनर का पानी गांव बास की टेल तक नहीं पहुंच रहा। इसके कारण सैकड़ों किसानों की फसलें पानी न मिलने के कारण सूख जाती हैं। किसान अनेक अधिकारियों के दरवाजों पर जाकर दस्तक दे चुके हैं लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। इसी समस्या को लेकर मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर ने सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से मुलाकात कर समस्या से अवगत करवाया और मांग की कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करवाया जाए। मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर ने बताया कि गांव बास बादशाहपुर, बास अकबरपुर और बास खुर्द के किसान पिछले एक साल से एसएस लिंक में पानी टेल तक नहीं पहुंचने पर काफी परेशान है किसानों के खेत सूखे पड़े रहते हैं। इस समस्या को लेकर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु से बातचीत की तो उन्होंने सिंचाई मंत्री से बातचीत करके मिलने के लिए कहा था। इसी समस्या के समाधान को लेकर मंगलवार को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से चंडीगढ़ में मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र के किसानों की गंभीर समस्या से अवगत कराया और मांग पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि सुंदर सोरखी सब लिंक की जर्जर स्थिति और गलत लेवलिंग के कारण खेतों में होने वाले जलभराव व फसलों के नुकसान के बारे में जानकारी दी गई हैं। सिंचाई मंत्री ने किसानों की इस मांग को ध्यानपूर्वक सुना और इस पर जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

---

## विधायक भयाना के पैतृक गांव में फूटा जनाक्रोश

- लोहारी राघो में सड़कों के लिए 21 को धरना देंगे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

हांसी के विधायक विनोद भयाना के पैतृक गांव लोहारी राघो के ग्रामीण अब सड़क और विकास परियोजनाओं के लिए धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। एक तरफ डाटा-लोहारी राघो सड़क पिछले लगभग 10 वर्षों से मरम्मत की बाट जोह रही है, वहीं मसूदपुर-लोहारी राघो -राखीगढ़ी लिंक रोड परियोजना वर्षों बाद भी नहीं बन पाई।

इसी को लेकर क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने 21 जून को लोहारी राघो में विशाल धरना शुरू किया जाएगा। सर्वजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य नन्द किशोर चावला ने कहा कि सरकार को इन दोनों मांगों के संबंध में अनेक बार ज्ञापन, पत्र और मौखिक आग्रह दिए जा चुके हैं, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब क्षेत्र की जनता में भारी रोष है और सरकार को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। 33 करोड़ 68 लाख की स्वीकृति के बावजूद सड़क निर्माण शुरू नहीं किया गया। मसूदपुर-लोहारी राघो मंडी-राखीगढ़ी सड़क मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग-4 से जोड़ने की घोषणा 7 मई 2016 को की गई थी। इसके बाद सरकार द्वारा 33 करोड़ 68 लाख रुपये की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति भी प्रदान की गई। इतना ही नहीं, 16 अक्टूबर 2025 को भूमि संबंधी प्रक्रिया भी ई-भूमि पोर्टल पर दर्ज हो चुकी है, फिर भी आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया।

---



हांसी। प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीसी राहुल नरवाल व अन्य।

## विकास यात्रा को दर्शाती प्रदर्शनी का डीसी ने किया उद्घाटन

**हांसी।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर में केंद्र एवं हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी, विकासपरक तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़ी उपलब्धियों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन उपायुक्त राहुल नरवाल ने रिबन काटकर किया तथा विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों से संबंधित प्रदर्शित सामग्री का अवलोकन किया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बलवान सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में पहुंचे नागरिकों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों के प्रति उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान एआईपीआरओ सुनील कुमार, अधीक्षक कृष्ण चंद्र, सहायक संतोष गिल, सतीश, कुलदीप यादव, वर्षा आदि उपस्थित रहे।

---

## जनकल्याण शिविरों में नागरिकों को एक ही स्थान पर मिल रही सरकारी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ आम नागरिकों तक सरलता और सुलभता से पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को हिसार खंड विकास एवं पंचायत विभाग कार्यालय तथा बरवाला उपमंडल स्तर पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया। हिसार में आयोजित शिविर का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता तथा मेयर प्रवीण पोपली ने किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जनकल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाएं एवं सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना है, ताकि उन्हें अपनी समस्याओं और कार्यों के लिए अलग-अलग सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर के दौरान सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष प्रदर्शनी लगाई गई, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई।



हिसार। स्टॉलों का अवलोकन करते पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, बीडीपीओ कुलबीर नैन, चेयरमैन अजय गावड़, चेयरमैन पूनम विश्नोई, चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र मंडा, प्रवीण जैन, पार्षद संजय डालमिया, सुरेश गोयल धूपवाला, स्याहड़वा सरपंच राजेश, सरपंच तलवंडी बादशाहपुर चरण सिंह, बीडीओ सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

---



हिसार। बैठक में चर्चा करते किसान सभा के पदाधिकारी एवं किसान। फोटो : हरिभूमि

## राज्यस्तरीय कपास किसान सम्मेलन हिसार में 14 को

- कपास उत्पादक किसानों को बचाने के लिए सरकार के खिलाफ बनाई रणनीति

**हिसार।** कपास की फसल में भारी आर्थिक नुकसान की मार झेल रहे किसानों की बैठक मंगलवार को पृथ्वी प्रभात भवन में हुई। इसमें कपास किसानों के संकट पर चर्चा हुई। आगामी समय में सरकार से कपास उत्पादक किसानों को बचाने की मांग को लेकर आंदोलन चलाने की योजना बनाई गई। इसके तहत 14 जुलाई को हिसार में राज्यस्तरीय कपास किसान सम्मेलन किया जाएगा। इसके पहले 22 जून को कपास किसानों का प्रतिनिधिमंडल हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विभाग के अधिकारियों से भी मिलेगा। इससे पूर्व बैठक की अध्यक्षता किसान नेता विषाणुदत्त ने की। बैठक में किसान सभा ने केंद्र सरकार द्वारा कपास पर 11 प्रतिशत आयात शुल्क हटाने की सीमा को आगे बढ़ाने का कड़ा विरोध किया है। मीटिंग में कपास की फसल के घटते रकबे और कपास की फसल में बढ़ते घाटे पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि कपास की फसल में हर साल कभी गुलाबी सुंडी, कभी ज्यादा बारिश, कभी सफेद मक्खी के चलते न केवल हरियाणा बल्कि पूरे उत्तर भारत में कई सालों से फसल बर्बाद हो रही है। इसके चलते हरियाणा में भी कपास उत्पादन का रकबा जो 2019 -20 में 8 लाख हैक्टेयर होता था वो साल 2025-26 में घटकर 2.84 लाख हैक्टेयर बचा है। फसल में बीमारियों के चलते पैदावार में भी बड़ी भारी गिरावट है। किसान सभा महासचिव सुमित सिंह ने बताया कि हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, दादरी के पदाधिकारियों की मीटिंग में हिस्सा लिया। बैठक में कपूर सिंह बगला, दिनेश सिवाच, रामवतार बलियाली, योगेंद्र, उमराव सिंह, रणधीर तोशाम, धर्मपाल नंबरदार, सुभाष भादु, मनीष सिवाच, रघुवीर मंदेरना ,विजय सिंह, जितेंद्र, अशोक आदि शामिल रहे।

---

## झूठे मुकदमों में फंसाने वाले पुलिस अधिकारियों को हो फांसी : मनोज राठी



- बैंक मैनेजर को एनडीपीसी के तहत झूठे केस में फंसाने का मामला

**हांसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने कहा है कि पुलिस के जो अधिकारी नेताओं के इशारों पर या अपनी रंजिश निकालने के लिए आम नागरिकों को झूठे केस में फंसाते हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि ऐसे नेताओं पर विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ उन्हें फांसी की सजा दी जाए, तो भी कम है। मनोज राठी ने कहा कि हाल में ही सामने आया है कि किस प्रकार सीआईए टीम ने निर्दोष बैंक मैनेजर से मारपीट की और उसे झूठे केस में फंसाने के लिए एनडीपीएस के केस में फंसा दिया। उन्होंने कहा कि यह तो मैनेजर ने अपने पूरे तथ्य रखे, जिस पर गौर करते हुए अदालत ने न केवल मैनेजर को बाइज्जत बरी कर दिया बल्कि सीआईए के तत्कालीन प्रभारी कप्तान सिंह सहित उनके अन्य चहेतों को नोटिस जारी करके जवाब मांग लिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई नागरिक किसी वजह से पुख्ता तथ्य एकत्रित न कर पाए या अदालत में पेश न कर पाए तो ऐसे रंजिश निकालने वाले पुलिस अधिकारियों की बदौलत किसी निर्दोष को जेल में चक्की पिसनी पड़ सकती है।

---

### हिंदुस्तान की आर्थिक व सामाजिक नीतियां तय कर रहा अमेरिका : जाखड़

## पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में माकपा ने भाजपा सरकार का पुतला फूंका

> देश व प्रदेश में एलपीजी गैस की कीमतें छू रही आसमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पेट्रोल, डीजल तथा घरेलू गैस सिलेंडर में की रही की जा रही बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला भी फूंका।

इससे पूर्व पार्टी कार्यकर्ता क्रांतिमान पार्क में एकत्रित हुए। कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए शहरी सचिव शकुंतला जाखड़ ने कहा कि केंद्रीय सरकार जनता की आकांक्षाओं के विपरीत अमेरिका के दबाव में आर्थिक नीतियां पर चलते हुए देश में जबरदस्त तरीके से महंगाई को बढ़ा रही है। पिछले दिनों पेट्रोल-डीजल व एलपीजी गैस की कीमतें बढ़ने से फल सब्जियां सहित सभी प्रकार की चीजों के रेट आसमान को छूने लगे हैं। हिंदुस्तान की नीतियां चाहे वह आर्थिक हो, सामाजिक हो जो अमेरिकी साम्राज्यवाद तय कर रहा है, देश का नागरिक बर्दाश्त नहीं कर सकता।




हिसार। सरकार का पुतला जलाते माकपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्टी के नेता कामरेड चंदगीराम, पूर्व कर्मचारी नेता सुरेन्द्र मान, सुरेश शास्त्रीनगर, अनिल शर्मा, अशोक अथवाल, बलराज सिंह, लीलू राम, निर्मला, नरेश गौतम, सर्वजीत कौर, पार्वती, अंजू, विद्या, मुन्नी, निर्मला, संजय, जगदीश, विक्रम, अनिल, सुनील, नरेश, अमित, मोहित, विकास आदि मौजूद थे।

---

### लुवास में किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन आज

**हिसार।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) द्वारा किसानों एवं पशुपालकों के लिए किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन का आयोजन 17 जून को किया जाएगा। यह सम्मेलन हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं नलवा विधायक रणधीर पनिहार तथा मेयर प्रवीण पोपली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। लुवास के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन के दौरान पशुपालन क्षेत्र में नवाचार, वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन वृद्धि तथा किसानों की आय बढ़ाने में पशुधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

---

### भाजपा नेता रवि सैनी ने संभाला वन विभाग में चेयरमैन का पद



**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि सैनी ने पंचकूला स्थित कार्यालय में हरियाणा वन विभाग के चेयरमैन पद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा के विभिन्न पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि रवि सैनी अपने लंबे राजनीतिक एवं सामाजिक अनुभव के बल पर वन विभाग के चेयरमैन के रूप में प्रभावी कार्य करते हुए पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा हरित विकास से जुड़े कार्यों को नई गति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में विभाग जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएगा। मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, सतीश सुरलिया मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, आईटी मीडिया प्रमुख सुरेश जांगड़ा, हिसार विधानसभा बीएलए-1 रामचन्द्र गुप्ता, लोकेश असीजा, अनुज जैन, मनदीप मलिक, सरोज सिहाग, प्रोमिला पूनिया, महेंद्र पानू आदि रहे।

---

## संघ का प्रमुख कार्य राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए संगठित करना: प्रो. व्यास

- इंडस स्कूल में संघ शिक्षा वर्ग का भव्य समापन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग का समापन समारोह सोमवार सायं सेक्टर-16 एवं 17 स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि स्वर्ण पदक विजेता अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नूपुर श्योराण रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑटोऑप्टिमस इनोवेशंस के निदेशक सिद्धार्थ गोयल तथा अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नेहा पिलानिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उत्तर क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य प्रो. सीताराम व्यास राष्ट्र जीवन के विविध आयामों पर विचार रखे। कार्यक्रम में हरियाणा प्रांत के विभिन्न जिलों से आए 161 विद्यार्थियों ने वर्ग के दौरान प्राप्त प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत शारीरिक कार्यक्रम, योग, व्यायाम, दंड संचालन ने उपस्थित जनसमुदाय को प्रभावित किया और संघ की अनुशासित कार्यपद्धति की प्रभावी झलक प्रस्तुत की।



हिसार। अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक।

#### संगठित समाज और चरित्रवान युवाशक्ति पर दिया बल

प्रो. सीताराम व्यास ने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि एक जीवंत राष्ट्र चेतना का केंद्र है। उन्होंने कहा कि संघ का कार्य राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए समाज को संगठित करना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्र निर्माण का आधार सशक्त एवं संगठित समाज है और इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले एक शताब्दी से निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए है। उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त विघटनकारी प्रवृत्तियों को दूर कर हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य प्रारंभ किया। संघ स्थापना के समय डॉ. हेडगेवार ने तीन प्रमुख उद्देश्यों संगठन निर्माण, व्यक्ति निर्माण और राष्ट्र को अग्रणी बनाने को सामने रखा था।

---

### डीसी ने 18 अमृत सरोवर के निर्माण को दी स्वीकृति

**हिसार।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत जिले के विभिन्न खंडों में अमृत सरोवरों के निर्माण एवं पुनरुद्धार का कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में उपायुक्त महेंद्र पाल द्वारा 18 अमृत सरोवरों के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों के शुरू होने से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं मनरेगा के तहत पंजीकृत मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। अमृत सरोवरों के निर्माण एवं पुनरुद्धार से भूजल स्तर सुधारने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण पर्यावरण को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि स्वीकृत कार्यों में आदमपुर, बरवाला, हिसार-प्रथम तथा हिसार-द्वितीय खंड के विभिन्न गांवों में स्थित तालाबों का निर्माण और पुनरुद्धार शामिल है।